भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *248**
उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2023 (सोमवार)
16 श्रावण, 1945 (शक)

**प्रश्न**
**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में अवसंरचना विकास संबंधी परियोजनाएं**

***248. श्री जगन्नाथ सरकारः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शुरु की जा रही प्रमुख अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उनकी स्थिति क्या है; और
(ख) इस क्षेत्र में प्रमुख सड़क, रेल और हवाई संपर्क संबंधी परियोजनाओं की प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**दिनांक 07.08.2023 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 248* के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

(क) से (ख) संबंधित मंत्रालयों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रमुख सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का ब्यौरा और स्थिति निम्नानुसार हैः-

- **सड़क कनेक्टिविटी:**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की विभिन्न स्कीमों के तहत पूर्वोत्तर राज्यों में 1,02,594 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत लागत वाली कुल 261 सड़क परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) और राज्य लोक निर्माण विभागों (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 2014-15 से शुरु की गईं प्रमुख परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-I** में दी गई है।

इसके अतिरिक्त, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) और उत्तर पूर्व सड़क क्षेत्र विकास स्कीम (एनईआरएसडीएस) के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 3,372.58 करोड़ रुपए की 77 सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

- **रेल कनेक्टिविटी:**

दिनांक 31-03-2023 की स्थिति के अनुसार पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्ण/आंशिक रूप से पड़ने वाली 81,941 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 1,909 किमी ट्रैक लंबाई की कुल 19 रेलवे अवसंरचना परियोजनाएं योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 482 किमी लंबाई चालू कर दी गई है और 31-03-2023 तक 37,713 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैः -

(i) 66,417 करोड़ रुपये की लागत से 1,181 किमी की कुल लंबाई को कवर करने वाली 14 नई लाइन परियोजनाएं जिसमें से 361 किमी लंबाई चालू कर दी गई है और 33,333 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।
(ii) 15,524 करोड़ रुपये की लागत से 728 किमी की कुल लंबाई को कवर करने वाली 5 दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं जिसमें से 121 किमी लंबाई चालू कर दी गई है और 4,380 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है।

2014-23 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्ण/आंशिक रूप से आने वाले 1,618 किमी खंड (377 किमी नई लाइन, 972 किमी गेज परिवर्तन और 269 किमी दोहरीकरण) चालू किए गए हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई नई रेल परियोजनाओं की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

- **हवाई कनेक्टिविटी:**

नागर विमानन मंत्रालय ने 21.10.2016 को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम - उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) शुरू की है ताकि पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित देश में असेवित और अल्प-सेवित क्षेत्रों से देश भर में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा सके और हवाई यात्रा को जनता के लिए किफायती बनाया जा सके। पूर्वोत्तर क्षेत्र में उड़ान के तहत रूपसी, तेजू, तेजपुर, पासीघाट, जोरहाट, लीलाबाड़ी, शिलांग, पाक्योंग, ईटानगर और दीमापुर हवाई अड्डों को जोड़ते हुए 64 रूट्स को प्रचालित किया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में 2014 में 9 हवाई अड्डे प्रचालन में थे। वर्तमान में, पूर्वोत्तर क्षेत्र में 17 हवाई अड्डे (ज़ीरो में प्रचारनरत एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड सहित) प्रचालनरत हैं। इसके अलावा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों में 1,543.70 करोड़ रुपये के 13 प्रमुख इंजीनियरिंग अवसंरचना के कार्य कार्यान्वित किए जा रहे हैं। जारी परियोजनाओं और पूरी हो चुकी परियोजनाओं का ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-III** और **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) के तहत 3,392.99 करोड़ रुपये की कुल लागत की 145 परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। अव्यपगत संसाधन पूल के अंतर्गत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने 16,234.88 करोड़ रुपये की कुल लागत की 1,635 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एनईएसआईडीएस और एनएलसीपीआर के अंतर्गत प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-V** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों में रेल, हवाई, और सड़क नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण के लिए एनईसी की स्कीमों के तहत 4,345.16 करोड़ रु. की कुल 51 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**2014-15 से पूर्वोत्तर राज्यों में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रमुख सड़क परियोजनाएं**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग-52बी के चांगलांग जिला सीमा-खोंसा (42.844 किमी) खंड से 2 लेन का निर्माण | अरुणाचल प्रदेश | 43.00 | 438.32 | पूर्ण |
| 2 | राष्ट्रीय राजमार्ग-52बी के लोंगडिंग से कनुबारी तक किमी 0.00 से किमी 47.213 तक 2 लेन का बनाना | अरुणाचल प्रदेश | 47.00 | 522.87 | पूर्ण |
| 3 | ईपीसी मोड पर एसएआरडीपी-एनई चरण क परियोजना के अंतर्गत असम राज्य के नगांव जिले में नगांव से तेलियागांव (किमी 278.600 से किमी 288.600) तक राष्ट्रीय राजमार्ग-37 को चार लेन का बनाना | असम | 10.00 | 225.02 | पूर्ण |
| 4 | ईपीसी मोड पर एसएआरडीपी-एनई चरण क परियोजना के अंतर्गत असम राज्य के नगांव जिले में तेलियागांव से रंगागरा (किमी 288.600 से किमी 297.00) तक राष्ट्रीय राजमार्ग-37 को चार लेन का बनाना | असम | 8.00 | | पूर्ण |
| 5 | राष्ट्रीय राजमार्ग 06 के सेलिंग डुल्टे खंड के किमी 13.510 से किमी 27.400 तक पेव्ड | मिजोरम | 14.00 | 216.49 | पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | शोल्डर्स के साथ 2 लेन (पैकेज-II) का बनाना | | | | |
| 6 | किमी 0-20 (पीकेजी-1) तक फुत्सेरो-फेक (पीपी) सड़क के हार्ड शोल्डर्स के साथ 2-लेन का निर्माण | नागालैंड | 20.00 | 237.72 | पूर्ण |
| 7 | फुत्सेरो -फेक (पीपी) सड़क किमी 20-40 (पीकेजी -II) के हार्ड शोल्डर्स के साथ 2-लेन का निर्माण | नागालैंड | 20.00 | 251.97 | पूर्ण |
| 8 | फुत्सेरो -फेक (पीपी) सड़क किमी 40-62.558 (पीकेजी-III) के हार्ड शोल्डर्स के साथ 2-लेन का निर्माण | नागालैंड | 23.00 | 282.98 | पूर्ण |
| 9 | ईपीसी आधार पर सिक्किम के पूर्वी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-10 पर किमी 67+080 से किमी 67+500 तक पहुंच मार्ग सहित 250 मीटर लंबाई की 2-लेन चिसोपानी यातायात सुरंग | सिक्किम | 500 मीटर की सुरंग | 35.69 | पूर्ण |
| 10 | राष्ट्रीय राजमार्ग-717क पर रेनॉक-पाकयोंग से वैकल्पिक राजमार्ग के रूप में रेनोक - रोराथांग - पाकयोंग में किमी 0.000 से किमी 26.706 तक पक्की सड़क के साथ मौजूदा सड़क का 2 लेन में निर्माण/उन्नयन | सिक्किम | 27.00 | 530.67 | पूर्ण |
| 11 | राष्ट्रीय राजमार्ग-8 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-44) पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर | त्रिपुरा | प्रमुख पुल | 128.69 | पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | सबरूम में फेनी नदी पर पुल और पहुंच मार्ग सहित एक्स्ट्रा डोज्ड आरसीसी पुल का निर्माण | | | | |
| 12 | राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के उदयपुर-सबरूम खंड को किमी 55.00 से 128.712 तक 2-लेन का बनाना | त्रिपुरा | 74.00 | 915.00 | पूर्ण |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश सड़क और एसएआरडीपी-एनई के सड़क और राजमार्ग पैकेज के तहत वार्षिकी आधार पर अरुणाचल प्रदेश में सेप्पा, खोडासो, सग्गाली (ट्रांस अरुणाचल राजमार्ग का हिस्सा) के माध्यम से नेचिपू से होज (311 किमी) तक सुधार और पुनर्संरेखण के साथ-साथ मौजूदा सड़क को 2 लेन के राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों तक चौड़ा करना | अरुणाचल प्रदेश | 252.21 | 1979.00 | पूर्ण |
| 14 | डीबीएफओटी वार्षिकी आधार पर अरुणाचल प्रदेश राज्य में चौखम-दिगारू और बोमजूर-मेका के बीच संपर्क सड़कों सहित दिबांग और लोहित नदी प्रणालियों पर पुलों का निर्माण | अरुणाचल प्रदेश | 29.64 | 1508.25 | पूर्ण |
| 15 | राष्ट्रीय राजमार्ग-115 पर असम में ढोला से इस्लामपुर तिनाली तक 2 लेन संपर्क सड़कों के साथ-साथ ढोला और सादिया घाटों के बीच पुल का निर्माण (नया) | असम | 28.51 | 1989.50 | पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | जेआईसीए से ऋण सहायता से जेआईसीए डिजाइन निर्माण पर राष्ट्रीय राजमार्ग-127बी (डिजाइन लंबाई: 19.282 किमी) पर असम/मेघालय राज्य में धुबरी (उत्तरी तट पर) और फूलबाड़ी (दक्षिण तट पर) के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर पहुंच सहित चार लेन पुल का निर्माण | असम | पुल | 4997.04 | प्रगति पर |
| 17 | मेघालय राज्य में शिलांग - नोंगस्टोइन - रोंगजेंग - तुरा सड़क को दो लेन का बनाना | मेघालय | 261.30 | 2319.44 | पूर्ण |
| 18 | राष्ट्रीय राजमार्ग-31 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग-27) पर किमी 1119.81 से किमी 1124.51 (एएस-28) तक नए ब्रह्मपुत्र पुल (अमीनगांव से जालुकबारी) का निर्माण | असम | 4.70 | 238.14 | पूर्ण |
| 19 | बीओटी (एन्युटी) में एसएआरडीपी-एनई के अंतर्गत डीबीएफओटी पद्धति पर असम और मेघालय राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-40 के जोराबात शिलांग (बारापानी) खंड को 0.000 से किमी 61.800 तक चार लेन का बनाना | मेघालय | 61.8 | 238.14 | पूर्ण |
| 20 | मेघालय राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के जोवाई-मेघालय/असम सीमा खंड में किमी 69.200 से किमी 173.200 (102 किमी) तक | मेघालय | 102.256 | 468.27 | पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | मौजूदा सड़क को ईपीसी मोड पर पेव्ड शोल्डर्स के विन्यास के साथ 2-लेन में बदलना और उन्नयन | | | | |
| 21 | (i) मणिपुर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर इम्फाल-जिरिबाम मार्ग पर मकरू नदी पर किमी 145.09 पर 154 मीटर स्पैन स्टील सुपरस्ट्रक्चर ब्रिज और (ii) किमी 189.80 किमी पर 122 मीटर स्पैन स्टील सुपरस्ट्रक्चर ब्रिज का निर्माण और रखरखाव। | मणिपुर | 276 मीटर स्पैन के 2 पुल | 141.14 | पूर्ण |
| 22 | इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड के अंतर्गत मणिपुर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के इम्फाल-मोरेह खंड को किमी 330.000 से किमी 350.000 तक चार लेन का बनाना (संविदा पैकेज-1)। | मणिपुर | 20 | 789.81 | पूर्ण |
| 23 | इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड के तहत मणिपुर पीकेजी-II में इम्फाल से मोरेह को किमी 350 से किमी 395.680 तक दो लेन का बनाना | मणिपुर | 45.68 | 820.56 | पूर्ण |
| 24 | इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर मणिपुर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-102सी के किमी | मणिपुर | 18.29 | 107.72 | पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | लंबाई (किमी में) | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | 0.000 से किमी 18.292 तक पल्लेल-चंदेल खंड के हार्ड शोल्डर के साथ दो लेन का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण | | | | |

**<u>अनुबंध-II</u>**

**<u>पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं</u>**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम और लंबाई (किमी में) | योजना शीर्ष | निधि का आवंटन (बजट परिव्यय) (करोड़ रु. में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| | | | वित्त वर्ष 2019-20 से 2022-23 | |
| 1 | जिरिबाम-इंफाल (111 km) | नई लाइन | 3650.00 | जिरिबाम - वांगाइचिंगपाओ (12 किमी) और वंगाईचुंगपाओ - खोंगसांग (43 किमी) खंडों को चालू कर दिया गया है। |
| 2 | दीमापुर (धनसिरी) जुब्जा (कोहिमा) (82 किमी) | नई लाइन | 2600.00 | धनसिरी-सुखोवी (16.5 किमी) को चालू कर दिया गया है। |
| 3 | भैराबी-सैइरांग (51 किमी) | नई लाइन | 3230.00 | पूरी परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 4 | सिवोक-रंगपो (44 किमी) | नई लाइन | 4407.00 | एजेंसियों ने सभी 14 सुरंगों (लगभग 39 किमी) और प्रमुख पुलों (12) के लिए अंतिम रूप दिया और कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 5 | तेतेलिया-बर्नीहाट (22 किमी) | नई लाइन | 425.00 | तेतेलिया-कमलाजारी (10 किमी) खंड को पूरा कर लिया गया है और चालू कर दिया गया है। |
| 6 | नई मोयनागुड़ी-जोगीघोपा नई लाइन के आमान परिवर्तन के साथ नई माल-मोयनागुड़ी सड़क और न्यू चंगराबांदा-चंगराबांदा (285 किमी) | नई लाइन | 252.00 | न्यू मोयनागुड़ी जोगीघोपा नई लाइन चालू की गई है |
| 7 | न्यू बोंगाईगांव - रंगिया के माध्यम से | दोहरीकरण | 1900.00 | न्यू बोंगाईगांव बिजनी (17.53 किमी) खंड चालू कर दिया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अगथोरी (143 किमी) | | | |
| 8 | न्यू बोंगाईगांव - कामाख्या वाया ग्वालपाड़ा (176 किमी) | दोहरीकरण | 1485.00 | 104 किमी दोहरीकरण शुरू किया गया है। |
| 9 | मुरकोंगसेलेक - पासीघाट (27 किमी) | नई लाइन | 302.00 | भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है। |
| 10 | अगरतला - अखौरा (5.46 किमी) | नई लाइन | 501.00 | पूरी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। इस परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। |
| 11 | सरायघाट पुल (दोहरीकरण) (7 किमी) | दोहरीकरण | 22.10 | इस कार्य को बजट में शामिल किया गया है। |
| 12 | महिसासन (भारत) - जीरो प्वाइंट (बांग्लादेश) (2.7 किमी) | नई लाइन | 25.00 | परियोजना स्वीकृत कर दी गई है। |
| 13 | लुमडिंग - तिनसुकिया जंक्शन दोहरीकरण (381 किमी) | दोहरीकरण | 6.00 | इस कार्य को बजट में शामिल किया गया है। |

**<u>अनुबंध-III</u>**

**<u>नागर विमानन मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में हवाई अड्डे की अवसंरचना में सुधार से संबंधित चल रही परियोजनाओं का विवरण</u>**

| क्र.सं. | राज्य | हवाई अड्डा | कार्य का नाम | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) | वर्तमान स्थिति / वास्तविक प्रगति (%) 30.06.2023 तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | होलोंगी | होलोंगी में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का निर्माण | 645.63 | 100% पूर्ण |
| 2 | असम | डिब्रूगढ़ | हैंगर का निर्माण | 15.13 | जारी (63%) |
| 3 | | डिब्रूगढ़ | तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टावर का निर्माण | 44.28 | जारी (70%) |
| 4 | | डिब्रूगढ़ | डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर नए रिजिड रनवे पेवमेंट और अन्य संबद्ध कार्यों के साथ मौजूदा रनवे -05 (फ्लैक्सिबल) कार्य की री-कारपेटिंग और मर्जिंग | 50.54 | जारी (78%) |
| 5 | मणिपुर | इंफाल | हैंगर का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य | 35.90 | जारी (68%) |
| 6 | | इंफाल | इम्फाल हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | 16.96 | जारी (80%) |
| 7 | | इंफाल | इंफाल में टर्न पैड और फिलेट्स का विस्तार और टीडब्ल्यूवाई सी का सुदृढ़ीकरण | 17.05 | जारी (65%) |
| 8 | | इंफाल | इंफाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, इम्फाल, मणिपुर में नए एकीकृत टर्मिनल भवन, नियंत्रण टॉवर सह तकनीकी | 499.00 | जारी (27%) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ब्लॉक, एप्रन, लिंक टैक्सीवे और संबद्ध कार्यों का निर्माण | | |
| 9 | | इंफाल | इम्फाल हवाई अड्डे पर पहुंच मार्ग सहित फायर पिट के नए मानक का निर्माण और फायर स्टेशन हार्ड स्टैंड का संवर्धन | 12.70 | जारी (70%) |
| 10 | | इंफाल | इंफाल हवाई अड्डे पर परिचालन क्षेत्र में वर्षा जल निकासी नाली का निर्माण और बुनियादी पट्टी की ग्रेडिंग | 91.06 | जारी |
| 11 | मेघालय | बारापानी | बारापानी हवाई अड्डे पर नए एटीसी टॉवर सह फायर स्टेशन (शेष कार्य) का निर्माण | 8.92 | जारी (80%) |
| 12 | त्रिपुरा | अगरतला | खोवाई हवाई अड्डे पर चारदीवारी का निर्माण | 12.77 | जारी (33%) |
| 13 | | अगरतला | एम.बी.बी. हवाई अड्डे, अगरतिया में रनवे, टैक्सीवे, परिचालन क्षेत्र की ग्रेडिंग, जल निकासी प्रणाली और संबद्ध कार्यों (सिविल और इलेक्ट्रिकल) का विकास | 93.76 | जारी |

**अनुबंध-IV**

**नागर विमानन मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार से संबंधित पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य | हवाई अड्डा | परियोजना का नाम | पूरा होने की लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | असम | गुवाहाटी | एलजीबीआई हवाई अड्डे, गुवाहाटी पर हैंगर के 3 का निर्माण | 30.55 |
| 2 | मणिपुर | इंफाल | हवाई अड्डे के विस्तार के लिए नई अधिग्रहित भूमि पर चारदीवारी का निर्माण | 15.74 |
| 3 | असम | गुवाहाटी | एएआई और डीजीसीए/बीसीएएस कार्यालय के लिए एकीकृत कार्यालय परिसर का निर्माण | 14.72 |
| 4 | मणिपुर | इंफाल | 3 एबी-321,1 एबी-320 और 3 एटीआर-72 श्रेणी के विमानों को समायोजित करने के लिए लिंक टैक्सीवे के साथ एप्रन का 175x130 मीटर तक विस्तार। | 8.09 |
| 5 | असम | सिल्चर | सिलचर हवाई अड्डे पर कंधों सहित मौजूदा रनवे की री-कार्पेटिंग | 11.50 |
| 6 | मणिपुर | इंफाल | एएसआर/एमएसएसआर भवन और फायर स्टेशन का निर्माण | 3.69 |
| 7 | असम | गुवाहाटी | गुवाहाटी में मौजूदा टर्मिनल भवन का संशोधन। | 24.00 |
| 8 | असम | गुवाहाटी | अधिग्रहित भूमि के आसपास परिसर की दीवार का निर्माण | 6.52 |
| 9 | मणिपुर | इंफाल | एनएच 150 के साथ पर्मीमीटर दीवार का स्थानांतरण और निर्माण। | 7.17 |
| 10 | असम | गुवाहाटी | एक टैक्सी वे और अन्य सहायक कार्यों सहित 20 तरफ रनवे का सुदृढ़ीकरण और विस्तार | 41.83 |
| 11 | त्रिपुरा | अगरतला | सीआईएसएफ बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निर्माण। | 14.22 |
| 12 | मणिपुर | इंफाल | रनवे का सुदृढ़ीकरण और पुन: | 29.70 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | कालीन बिछाना और टैक्सीवे की प्रमुख मरम्मत। | |
| 13 | असम | डिब्रूगढ़ | डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर रनवे का विस्तार, आइसोलेशन बे का निर्माण, लिंक टैक्सीवे और संबद्ध कार्य | 39.68 |
| 14 | मणिपुर | इंफाल | टर्मिनल भवन के सामने कैनोपी की व्यवस्था और संबंधित कार्य। | 8.98 |
| 15 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे, त्रिपुरा में नए आइसोलेशन बे और संबद्ध लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण। | 16.54 |
| 16 | असम | रूपसी | रूपसी हवाई अड्डे, असम का विकास और परिचालन | 72.69 |
| 17 | असम | गुवाहाटी | सामुदायिक केंद्र का निर्माण | 2.32 |
| 18 | असम | लीलाबाड़ी | मौजूदा बिटुमिनस रनवे 04/22 की रीकार्पेटिंग और संबद्ध कार्य | 10.76 |
| 19 | असम | गुवाहाटी | कॉमन यूजर डोमेस्टिक कार्गो टर्मिनल (सीयूडीसीटी) चरण-II का निर्माण | 5.72 |
| 20 | त्रिपुरा | अगरतला | बुनियादी पट्टी सहित सुरक्षा अवसंरचना का उन्नयन। | 41.18 |
| 21 | त्रिपुरा | अगरतला | आरईएसए का निर्माण | 3.40 |
| 22 | मेघालय | बारापानी | नई अधिग्रहीत भूमि की चारदीवारी के शेष भाग का निर्माण। | 7.89 |
| 23 | मणिपुर | इंफाल | इंफाल हवाई अड्डे पर ई एंड एम कार्यशाला का निर्माण। (चरण-I और II) | 9.50 |
| 24 | त्रिपुरा | अगरतला | सीएफटी वाहन के लिए नई सड़क का निर्माण जो रनवे के दोनों सिरों को क्रैश गेट तक जोड़ता है और अगरतला एयरपोपर्ट में रनवे को नए कूलिंग पिट से जोड़ने वाली सड़क | 8.41 |
| 25 | मेघालय | बारापानी | सुरक्षा बुनियादी ढांचे का उन्नयन एसएचः नई अधिग्रहित भूमि के चारों ओर परिधि सड़क का निर्माण | 8.24 |
| 26 | नागालैंड | दीमापुर | दीमापुर हवाई अड्डे पर लिंक टैक्सीवे के साथ आइसोलेशन बे का निर्माण, रनवे, टैक्सीवे और एप्रन का सुदृढ़ीकरण। | 48.37 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | त्रिपुरा | अगरतला | एमटी पूल और ई एंड एम कार्यशाला का निर्माण | 9.40 |
| 28 | त्रिपुरा | अगरतला | एएआई कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण | 20.47 |
| 29 | त्रिपुरा | अगरतला | नए एकीकृत टर्मिनल भवन एप्रन और टैक्सी लिंक | 519.68 |
| 30 | असम | सिल्चर | सिलचर हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवन का संशोधन। | 5.98 |
| 31 | मणिपुर | इंफाल | एमटीडीसी द्वारा नई अधिग्रहित भूमि पर नवनिर्मित परिधि दीवार की ऊंचाई | 5.55 |
| 32 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे पर हैंगर का निर्माण। | 32.51 |
| 33 | असम | सिल्चर | एप्रन का विस्तार और सिविल एन्क्लेव, सिलचर हवाई अड्डे पर नए लिंक टैक्सीवे का निर्माण। | 17.14 |
| 34 | मेघालय | शिलांग (बारापानी) | बारापानी हवाई अड्डे पर एप्रन लिंक टैक्सी ट्रैक और आइसोलेटेड बे का निर्माण | 35.63 |
| 35 | अरुणाचल प्रदेश | इटानगर (होलोंगी) | ईटानगर में अंतरिम टर्मिनल भवन का निर्माण। | 25.84 |
| 36 | अरुणाचल प्रदेश | होलोंगी | नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का निर्माण, होलोंगी, अरुणाचल प्रदेश।<br>पैकेज 1: परिचालन क्षेत्र में रनवे, एप्रन का विकास और एलटीएनगर, होलोंगी में संबद्ध कार्य | 508.67 |
| 37 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे पर कार्गो भवन का निर्माण। | 16.68 |
| 38 | असम | डिब्रूगढ़ | परिचालन क्षेत्र में मौजूदा खुले नाले को हटाना और डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर उसी स्थान पर नए ढके हुए नाले का निर्माण | 26.73 |
| 39 | अरुणाचल प्रदेश | तेजू | अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में तेजू हवाई अड्डे का विकास और परिचालन। | 163.04 |

**अनुबंध-V**

**एनईएसआईडीएस और पूर्ववर्ती एनएलसीपीआर योजनाओं के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | एनएलसीपीआर परियोजना | अनुमोदित लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | असम | असम में एनएलसीपीआर के तहत नलबाड़ी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण | 21782.10 |
| 2 | असम | असम में एनएलसीपीआर के अंतर्गत डिब्रूगढ़ जिले के खानिकर में बहु-विषयक खेल परिसर का निर्माण | 13982.23 |
| 3 | मणिपुर | लोकटक डाउनस्ट्रीम एचई परियोजना (2x33 मेगावाट) | 10958.67 |
| 4 | मेघालय | मेघालय में 44 वें किमी पर लडेक नदी पर 90.00 मीटर पुल सहित 0.00 किमी से 32.00 किमी तक रोंगजेंग मंगसांग एडोकग्रे रोड पर मध्यवर्ती लेन के एम एंड बीटी सहित निर्माण | 12328.35 |
| 5 | मेघालय | इंटरनेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड कल्चर, शिलांग | 15133.31 |
| 6 | नागालैंड | दीमापुर से ज़ादिमा तक 220 के/वी एफ/सी ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण | 10815.89 |
| 7 | त्रिपुरा | त्रिपुरा प्रौद्योगिकी संस्थान का निर्माण (चरण-II), पश्चिम त्रिपुरा | 7439.00 |
| 8 | त्रिपुरा | माचमारा-कंचनपुर (त्रिपुरा में उनाकोटी जिले में लंबाई: 18 किमी) से पेचरथल (एनएच -44) कंचनपुर रोड (लंबाई: 26:50) चरण -2 का सुधार। | 5674.60 |
| 9 | त्रिपुरा | हलाहाली-अम्बासा - डांगाबाड़ी-बेल का उन्नयन | 18909.30 |
| 10 | अरुणाचल प्रदेश | कोविड-19 से लड़ने के लिए 10 जिला अस्पतालों (तवांग, बोमडिला, जीरो, आलो, तेजू, नामसाई, चांगलांग, खोंसा, सेप्पा और यिंगकियोंग) को तैयार करने के लिए अस्पताल उपकरणों की खरीद | 5168.61 |
| 11 | असम | असम में कोविड-19 रोगियों के उपचार के लिए आईसीयू स्थापित करने के लिए 24 मौजूदा जिला अस्पतालों का उन्नयन | 9748.80 |
| 12 | असम | भदोई पंच अली से जॉयपुर खोंसा रोड का तिपोम, असम के | 5799.66 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | माध्यम से चौड़ीकरण और सुधार | |
| 13 | असम | वर्ष 2021-22 के लिए एनईएसआईडीएस के अंतर्गत असम में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रोड, एसएच-3बी का सीएच-0.00 किमी से सीएच-18.65 किमी तक सुधार और चौड़ीकरण। | 7912.74 |
| 14 | असम | दियुंगमुख, हाफलोंग तिनाली और पानीमूर होते हुए लंका से उमरंगसो तक डबल लेन सड़क का निर्माण | 22717.00 |
| 15 | असम | चिरांग जिले में पहुंच और संरक्षण कार्य सहित ऐई पोवली में ऐई नदी पर आरसीसी पुल का निर्माण | 6974.40 |
| 16 | असम | 2018-19 के दौरान असम में ना-अली, जोरहाट जिले पर रेलवे एलसी गेट नंबर एसटी -58 के प्रतिस्थापन में जोरहाट में तीन लेन सड़क ओवर ब्रिज का निर्माण | 6775.67 |
| 17 | मणिपुर | मयांग, इम्फाल, मणिपुर में जिला अस्पताल इम्फाल पश्चिम का निर्माण | 5340.00 |
| 18 | मेघालय | री-भोई जिले के अंतर्गत शिलांग शहर से उमरोई हवाई अड्डे तक 50.00 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण (लंबाई: 14.279 किमी) | 5000.00 |
| 19 | मेघालय | 66.54 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अगिया मेधिपाड़ा फूलबाड़ी तुरा सड़क (67/600 से 100/200 किमी 32.60 किमी तक का हिस्सा) के चौड़ीकरण सहित सुधार | 5287.00 |
| 20 | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम की वैकल्पिक गुरुत्व जल आपूर्ति योजना | 11419.65 |
| 21 | सिक्किम | उत्तरी सिक्किम के कयूम जोंगू में कनका नदी पर दो लेन संतुलित कैंटिलीवर पुल का निर्माण | 8854.00 |
| 22 | त्रिपुरा | त्रिपुरा में विभिन्न स्थानों में छह उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का अवसंरचना विकास | 5050.02 |
| 23 | त्रिपुरा | त्रिपुरा में टीएसईसीएल के 132 केवी सुरजमणिनगर सब-स्टेशन का 400 केवी में उन्नयन | 12088.00 |
| 24 | त्रिपुरा | त्रिपुरा में तीर्थमुख (एल-13.775 किमी) के माध्यम से जतनबाड़ी से मंदिरघाट तक सड़क का सुधार | 5079.17 |

*****